हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 4 फरवरी 2026



तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 14. 0 डिग्री



3 विद्युत मंडल ने दी ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी

## खबर संक्षेप

### जिले में 9 से 18 तक वजन चलेगा त्यौहार का आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** जिले में 9 से 18 फरवरी तक आयोजित होने वाले "वजन त्यौहार" की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को अपने-अपने अनुभाग अंतर्गत परियोजनाओं को जोन एवं क्लस्टर में विभाजित कर जोनल अधिकारी नियुक्त करें तथा क्लस्टर वार वजन की तिथि निर्धारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को वजन त्यौहार के आयोजन को लेकर आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल ने बताया कि जिले में 09 फरवरी से 18 फरवरी 2026 तक 0 से 6 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों का वजन किया जाएगा। इसके लिए विकासखंड स्तर पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के मार्गदर्शन में परियोजना अधिकारियों द्वारा माइक्रो प्लान तैयार किया जा रहा है।

### देवरीमठ में प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता 10 से

**बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम देवरीमठ (करही) के जोरवापारा में प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 10 फरवरी दिन मंगलवार से रखा गया है। इस संबंध में ग्राम पंचायत देवरीमठ के जोधन कुमार यादव ने बताया कि क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 10 फरवरी दिन मंगलवार से रखा गया है। इस क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 20000 रुपए, दूसरा पुरस्कार 15000 रुपए और तीसरा पुरस्कार 10000 रुपए रखा गया है। क्रिकेट प्रतियोगिता का अंतिम फाइनल मुकाबला 25 फरवरी बुधवार को होगा। आयोजन को लेकर ग्राम वासियों के द्वारा आवश्यक तैयारियां की जा रही है।

### लंबित पेंशन व वेतन निराकरण के लिए विशेष शिविर आयोजित

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण हाने के अवसर पर प्रदेश में रजत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी ने बताया कि संचालनालय द्वारा उक्त अवधि में संभाग स्तर एवं जिला स्तर पर कैम्प आयोजित कर, पेंशन एवं वेतन निर्धारण के प्रकरणों का निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके तहत जिला कोषालय जांजगीर में 30 जनवरी को विशेष शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि शिविर में वेतन निर्धारण हेतु कुल 63 प्रकरण प्राप्त हुए थे, जिसमें से 28 प्रकरणों का तत्काल निराकरण किया गया है।

### पुलिस पार्टी पर फायरिंग करने वाले आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**जांजगीर-चांपा।** पुलिस पार्टी पर फायरिंग करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला सिटी कोतवाली जांजगीर का है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी निरीक्षक राजीव श्रीवास्तव थाना प्रभारी शिवरीनारायण ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि रामनाथ सबरिया पिता छोटेबाबू सबरिया द्वारा पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर फरार हो गया था। जिसकी पतासाजी की जा रही थी। इस दौरान 1 फरवरी को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बोडसरा में रामनाथ सबरिया अपने रिश्तेदारी में छिपा है। ग्राम बोड़सरा शराब भट्टी के आगे दाहिने तरफ खण्डहरनुमा मकान में रामनाथ होना पाया। आरोपी को आत्मसमर्पण के लिये बार-बार चेतावनी भी दी गई परंतु आरोपी द्वारा चेतावनी को नजर अंदाज करते हुए इन लोगो को देखकर अपने हाथ में रखे देशी कट्टा को तान दिया। ऊपर फायर कर दिया जिससे ये लोग बाल-बाल बच गये। गोली निरीक्षक के सिर के उपर से गुजरी जिससे निरीक्षक राजीव श्रीवास्तव विवश होकर बल का प्रयोग किया। मामले में आरोपी रामनाथ सबरिया को गिरप्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। उक्त मामले में सिटी कोतवाली प्रभारी सहित स्टाफ का योगदान रहा।

---

तालाब पट्टा देने में मनमानी का आरोप, जांजगीर-चांपा मुख्य मार्ग पर प्रदर्शन

# मछुआरा संघ ने खोला मोर्चा तीन घंटे किया चक्काजाम

.हरिभूमि न्यूज ⏭ जाजगीर-चांपा




आंदोलन पर बैठे मछुआ समिति के पदाधिकारी।

मछली पालन के लिए शासकीय तालाब का पट्टा जारी करने में मनमानी और अपने पराए का भेद करने का आरोप लगाते हुए मछुआरा संघ ने मोर्चा खोल दिया। वे अपने चेतावनी के अनुरूप पहले तो मत्स्य पालन विभाग के सामने पंडाल लगाकर अनिश्चितकालीन आंदोलन पर बैठ गए। इसके बाद विभाग के अडियल रवैये से आक्रोशित होकर जांजगीर चांपा मुख्य मार्ग पर बैठ गए। तकरीबन 3 घंटे तक सड़क पर प्रदर्शन करने के उपरांत मौके पर पहुंचे अफसरों ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। तब जाकर मामला शांत हुआ।

राष्ट्रीय मछुआरा संघ ने जांजगीर चांपा जिले में शासकीय तालाबों में मछली पालन के लिए पट्टा जारी करने में गैर मछुआ सहकारी समितियों को आंख मूंदकर पट्टा जारी करने का आरोप लगाते हुए पिछले दिनों शिकायत पत्र सौंपा था। उनकी शिकायत पर उच्चाधिकारियों ने जांच के आदेश भी दिए थे, लेकिन संघ का कहना है कि विभाग द्वारा मनमाने तरीके से उक्त ग्रामों के तालाबों को गैर मछुआ सहकारी समितियों को आबंटित कर दिया। इस तरह की स्थिति को देखते हुए संघ के बैनर तले मछुआरा समाज के लोग बड़ी संख्या में एकजुट होकर मंगलवार 3 फरवरी को जांजगीर पहुंचे। यहां मत्स्य पालन विभाग के कार्यालय के सामने पंडाल लगाकर अनिश्चितकालीन प्रदर्शन शुरू किया। इसके बाद दोपहर करीब 1 बजे के बीच ना जाने अफसरों के साथ क्या बातें हुई कि आंदोलनकारी सड़क पर बैठ गए और आवागमन अवरूद्ध कर दिया। सड़क जाम होते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और आंदोलनकारियों को समझाने की कोशिश की गई, लेकिन वे अपनी मांगों को लेकर अड़े रहे। ऐसी स्थिति में जांजगीर एसडीएम सुब्रत प्रधान अपनी टीम के साथ पहुंचे और उन्होंने उनकी बातें सुनी। इस दौरान अफसरों की समझाईश और मामले में 15 दिनों के भीतर जांच कर कार्रवाई के आश्वासन पर आंदोलन समाप्त हुआ। इधर मछुआ समिति के पदाधिकारियों के आंदोलन की जानकारी मिलते ही अफसरों की टीम मौके पर पहुंची। इस बीच समिति के पदाधिकारियों को कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया।

#### की जाएगी चर्चा

विभिन्न मांगों को लेकर मछुआरा समिति के पदाधिकारियों ने आंदोलन किया है। इस बात की जानकारी मिली है। उनकी मांगों को लेकर समिति के लोगों से चर्चा की जाएगी।

-अल्का स्वर्णकार,
सहायक संचालक
मत्स्य पालन विभाग जांजगीर

---

# नौकरी लगाने के नाम पर 5 लाख की धोखाधड़ी, अपराध दर्ज

## बाराद्वार थाना क्षेत्र के ग्राम बेल्हाडीह का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेल्हाडीह




नौकरी दिलाने के नाम पर दिव्यांग युवती से पांच लाख की धोखाधड़ी की गई है। इस मामले में पुलिस ने अपराध कायम कर लिया है। मामला बाराद्वार थाना क्षेत्र के ग्राम बेल्हाडीह का है।

इस संबंध में बाराद्वार पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बेल्हाडीह निवासी दिव्यांग लड़की के साथ नौकरी दिलाने के नाम पर 5 लाख रुपये की ठगी का गंभीर मामला सामने आया है। खास बात यह है कि यह ठगी पीड़िता के सगे मामी एवं भाई ने रिश्तेदारों द्वारा ही की गई है। पीड़िता की लिखित शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर विस्तृत जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि वर्ष 2019 में उसके रिश्तेदार ग्राम आडिल निवासी लीलाधर साहू एवं फिरतीन साहू ने उसे कलेक्टर कार्यालय में बाबू के पद पर नौकरी लगवाने का भरोसा दिलाया। आरोपियों ने नौकरी के एवज में 5 लाख रुपये की मांग की। रिश्तेदार होने के कारण भरोसा कर पीड़िता ने 27 मार्च 2019 को नकद 5 लाख रुपये आरोपियों को सौंप दिए। रकम लेने के बाद आरोपियों ने जल्द नौकरी लगने का आश्वासन दिया, लेकिन समय बीतता गया और न तो नौकरी लगी, न ही रकम वापस की गई। पीड़िता ने बताया कि जब भी वह नौकरी या रकम वापस करने की बात करती, आरोपियों द्वारा उसे लगातार टालमटोल कर गुमराह किया जाता रहा। न्याय की उम्मीद में उसने थाना बाराद्वार पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने प्रार्थी सरला साहू के नाम से प्राप्त आवेदन के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के सामने आने के बाद क्षेत्र में रिश्तों की आड़ में नौकरी का झांसा देकर ठगी करने वालों के प्रति लोगों में भारी आक्रोश और चिंता का माहौल है।

## मुख्य मार्ग पर किया चक्काजाम, 21 के खिलाफ मामला दर्ज

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर चांपा मुख्य मार्ग पर मछुआरा समिति के सदस्यों द्वारा चक्काजाम करने के मामले में 21 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार 3 फरवरी को मछुआरा समिति के सदस्यों द्वारा विरोध प्रदर्शन के दौरान अपनी मांगों को लेकर मत्स्य विभाग के कार्यालय के सामने मेन रोड में किया गया था। पुलिस ने चक्का जाम करने वाले 21 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जिनमें नवीन धीवर, गायत्री गायग्वाल, ओम प्रकाश धीवर, बुधराम धीवर, भोजराम धीवर, दामोदर धीवर, राकेश महंत कुलीपोटा, शिवकुमार धीवर निवासी गोधना, करन, विजय धीवर, सरिता धीवर, मीना धीवर, मोनू धीवर निवासी कोसा, अहिल्या धीवर कोसा, सविता धीवर निवासी बलौदा, सरिता धीवर घडोला, रामकुमार, गोवर्धन धीवर लछनपुर, सहसराम, धनबाई धीवर निवासी भोजपुर चाम्पा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि प्रार्थी एवं अन्य लोगों के द्वारा समझाने पर प्रार्थी एवं इसके साथ आए कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए गाली-गलौज किया गया तथा शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न किया गया था।

---

# धान नहीं बेच पाने से परेशान किसान पहुंचा कलेक्टोरेट, लगाई फरियाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा




धान बिक्री के लिए टोकन कटने के बावजूद किसान का धान बिक्री नहीं हो पाया। इसे लेकर किसान कलेक्टोरेट पहुंचा और जिला प्रशासन ने धान बिक्री कराने की मांग की।

**खास बात**

- मालखरौदा ब्लाक के भाटा सेवा सहकारी समिति का मामला

ज्ञात हो कि ग्राम परसा निवासी अमर लाल पिता भूनडू उम्र 32 वर्ष जाति सतनामी जो कि अपने निजी खेत पर 25- 26 में धान का फसल लगाया था, जिसे वह काटकर बेचने के लिए भाटा धान खरीदी केंद्र पहुंचकर 12 जनवरी को टोकन काटने के लिए आवेदन किया था। जिस पर ऑपरेटर द्वारा 31 जनवरी को धान का बिक्री के लिए टोकन काटा था निर्धारित तिथि अनुसार किसान अपनी धान की फसल को ट्रैक्टर में लेकर धान खरीदी केंद्र भाटा पहुंचा 31 जनवरी को तो वहां उपस्थित खरीदी प्रभारी ने बताया कि धान खरीदी बंद हो चुका है। ऐसे में किसान बुरी तरह डर गया कि धान बिक्री नहीं होने पर वह कैसे करेगा क्योंकि बड़ी मात्रा में कर्ज ले चुका है। केंद्र प्रभारी से धान खरीदी कर लेने की गुहार लगाता रहा लेकिन केंद्र प्रभारी ने धान लेने से मना कर दिया। किसान का कहना था कि धान खरीदी केंद्र में उसका मोबाइल नंबर भी दिया गया था। बावजूद उसे फोन कर किसी प्रकार से अवगत नहीं कराया गया। ऐसे में धान खरीदी प्रभारी और कंप्यूटर ऑपरेटर के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए। साथ ही उनका धान खरीदी की व्यवस्था की जाए, कि वह अपने कर्ज की राशि पटा सके। ऐसे में वह 3 फरवरी को कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर अपना आवेदन दिया है। ऐसे में आवेदन देकर किसान अमर लाल ने कलेक्टर सहित आला अफसरों से धान बिक्री कराने की मांग की है। ताकि समर्थन मूल्य पर धान की बिक्री हो सके।

### गवर्नमेंट कॉलेज में वार्षिक स्नेह सम्मेलन आज

**चांपा।** स्थानीय मयूरध्वज महादानी राजा स्नातकोत्तर शासकीय महाविद्यालय में वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह 2026 का आयोजन बुधवार 4 फरवरी को पूर्वान्ह 11 बजे से नगरपालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव के मुख्य आतिथ्य में किया गया है। यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय के छात्र संघ प्रभारी डॉ. के.आर. जाटवर, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी प्राध्यापक डॉ. बी.आर. महिपाल तथा प्राचार्य डॉ. एच.पी. खैरवार ने विद्यार्थियों सहित आमंत्रितों से समारोह में उपस्थिति का अनुरोध किया है। चांपा के मयूरध्वज महादानी राजा स्नातकोत्तर कॉलेज में कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है।

# पराली जलाने के बजाए भूसी बनाकर समूह की महिलाएं कमा रही लाखों

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह



पैरा इकट्ठा करती समूह की महिलाएं।

जिले में बहेराडीह एक ऐसा गाँव है। जहाँ पर खेतों में पराली को कभी जलाया नहीं जाता। बल्कि इसे सहेजकर मवेशी को खिलाने में चारा के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। वहीं गाँव के आसपास खेतों में बेकार पड़े पैरा अर्थात पराली को बड़े पैमाने पर एकत्रित करके मशीन से काटकर भूसी बनाकर आसपास के डेयरी में सप्लाई करके लाखों का कारोबार इस गाँव के किसान करते हैं।

इस सम्बन्ध में बहेराडीह गाँव के सरपंच श्रीमती चन्द्रकला सरवन कश्यप ने बताया कि जिले में बहेराडीह एक ऐसा गाँव है। जहाँ कभी भी किसान अपने खेतों में पराली अर्थात पैरा को नहीं जलाते। बल्कि उसका इस्तेमाल अपने मवेशियों को चारा के रूप में खिलाने में किया जाता है। वहीं यहाँ के गौठान और पंचायत मुख्यालय जाटा में स्थित गौठान में मवेशियों को खिलाने के लिए पैरा एकत्रित कराई गईं है। बिहान के पशु सखी पुष्पा यादव व कृषि सखी शशि कर्ष ने बताया कि बहेराडीह यादव बाहुल्य गाँव है। जिसका पुश्तैनी कारोबार है पशुपालन और दुग्ध उत्पादन। ऐसे में यहाँ किसानों को सालभर अपने मवेशियों के लिए बड़े पैमाने पर पैरा की जरुरत होती है। पैरा को सहेजने के साथ साथ आसपास गाँव के खेतों की पराली को एकत्रित करते हैं। वहीं बहेराडीह में कई ऐसे किसान भी हैं, जो पैरा अर्थात पराली को बड़े पैमाने पर एकत्रित करके मशीन से भूसी बनाकर जिले के कई गावों में सप्लाई करके लाखों रूपये का कारोबार करके अच्छा आमदनी लें रहें हैं। बहेराडीह गाँव में देश का पहला किसान स्कूल संचालित है। जहाँ पर किसानों को खेतों में पराली को जलाने के बजाय उससे मशरूम अर्थात पैरा पुटू उत्पादन और वेस्ट डी कम्पोजर का इस्तेमाल करके जैविक खाद बनाने को लेकर छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य राज्यों के किसानों को वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव व उनके टीम द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है।

# घर के अंदर घुसकर मारपीट, चार आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा




घरर अंदर घुसकर मारपीट करने के मामले में चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला अकलतरा शहर अंतर्गत संजय नगर का है।

इस संबंध में अकलतरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सागर गुप्ता, निवासी संजय नगर, अकलतरा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि 31 दिसंबर को वह अपने परिवार के साथ घर में नया वर्ष मना रहा था। इसी दौरान मोईन खान, नासिर खान, सुमित कुमार एवं अविनाश सारथी द्वारा सागर गुप्ता से मारपीट की गई। मना करने पर आरोपीगण एक राय होकर रात्रि में प्रार्थी के घर में घुस आए और मारपीट कर हाथ- मुक्का एवं स्टील रॉड से चोट पहुंचाई। साथ ही महिलाओं के साथ गलत हरकत की गई एवं जान से मारने की धमकी दी गई।घटना के बाद से आरोपी फरार थे, जिनकी लगातार तलाश की जा रही थी। प्रकरण की विवेचना दौरान आरोपियों के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर 3 फरवरी को आरोपियों को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उन्होंने घटना करना स्वीकार किया। पुलिस ने मोईन खान पिता समीर खान उम्र 22 वर्ष संजय नगर अकलतरा, अविनाश सारथी पिता लक्ष्मण सारथी 19 वर्ष संजय नगर अकलतरा, नासिर खान पिता समीर खान 23 अकलतरा, सुमित कुमार पिता शिवराम उम्र 23 वर्ष संजय नगर अकलतरा थाना अकलतरा क्षेत्र अंतर्गत नए वर्ष की रात मारपीट, गाली-गलौच एवं महिलाओं से अभद्रता के मामले में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक भास्कर शर्मा थाना प्रभारी अकलतरा, महिला प्रधान आरक्षक स्वाती गिरोलकर, आरक्षक गौ करण राय, राजा जयप्रकाश का योगदान रहा।

---

## पुलिस द्वारा प्रेशर हार्न, शराब पीकर वाहन चालकों पर रखी जा रही पैनी नजर

# मेला में घूम रहे असामाजिक तत्वों से बड़ी संख्या में जब्त किए कड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा




जब्त कड़े के साथ पुलिस अफसर।

शिवरीनारायण मेला में संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे लोगों से पुलिस ने बड़ी संख्या में कड़ा जब्त किया गया है। साथ ही पुलिस द्वारा लगातार मेले की निगरानी की जा रही है।

ज्ञात हो कि शिवरीनारायण में आयोजित ऐतिहासिक मेले में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के आगमन को दृष्टिगत रखते हुए जिला पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। इसी के तहत मेले में घूम रहे असामाजिक तत्वों से बड़ी मात्रा में कडे को जब्त करने की कार्रवाई की गई है। साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने व कानफोड़ू साइलेंसर लगाने वालों पर पैनी नजर रखी जा रही है। मेले का आयोजन 1 फरवरी से 15 फरवरी तक किया जाएगा। श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस लगातार सक्रिय भूमिका निभा रही है। मेले में आने वाले सभी नागरिकों से अपने पर्स, मोबाइल, बैग एवं अन्य कीमती वस्तुओं के प्रति सतर्क रहने तथा किसी भी अनजान व्यक्ति से निजी जानकारी साझा न करने की अपील की गई है। छोटे बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने अभिभावकों से आग्रह किया है कि वे बच्चों की जेब में माता-पिता का नाम, पता एवं मोबाइल नंबर लिखकर रखें, ताकि गुम होने की स्थिति में त्वरित सहायता सुनिश्चित की जा सके। भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में बच्चों को गोद में या कंधे पर रखने की सलाह दी गई है। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने हेतु मेला एवं शहर क्षेत्र में विशेष ट्रैफिक प्लान लागू किया गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि वाहन केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़े किए जाएं। अव्यवस्थित पार्किंग, सड़क पर ठेले अथवा दुकानों का सामान रखने पर कार्रवाई की जाएगी। व्यापारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपनी दुकानों के सामने सड़क पर सामान न फैलाएं, जिससे आवागमन बाधित न हो। पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वालों, तेज रफ्तार बाइकर्स एवं संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।

# हत्या करने की नीयत : चाकू से प्राणघातक हमला, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



हत्या करने की नीयत से चाकू से प्राणघातक हमला करने के मामले में पुलिस ने फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामला बलौदा थाना का है।

इस संबंध में बलौदा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी संदीप दास मानिकपुरी 29 जनवरी की रात्रि करीबन 8.30 बजे अपने दोस्त के साथ तालाब के पास बैठा था, उसी समय एक अपचारी बालक द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर गाली देकर जान से मारने की धमकी देते हुये अपने हाथ मे रखे चाकू से प्राणघातक वार कर फरार हो गया। जिसकी सूचना रिपोर्ट पर थाना बलौदा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में थाना स्तर से टीम गठित कर मामले के विधि से संघर्षरत बालक को पूर्णे (महाराष्ट्र) से पकड़ा। जिसके विरुद्ध विधिवत कार्यवाही किया गया। उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक मनोहर सिन्हा, सउनि सुनिल टैगोर , प्रधान आरक्षक गजाधर पाटनवार, आरक्षक दीपक कश्यप, अनुज खरे, लखेश विश्वकर्मा, प्रहलाद निर्मलकर, रज्जू रात्रे व थाना बलौदा स्टाफ का योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### चैतुरगढ़ थंडर राइड साइकिल रेस हेतु पंजीयन 13 तक

**कोरबा।** जिले में महाशिवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष्य में आगामी 15 और 16 फरवरी को दो दिवसीय पाली महोत्सव का भव्य आयोजन ग्राम केराझरिया, पाली के महोत्सव ग्राउंड में किया जा रहा है। स्थानीय संस्कृति के संरक्षण और पर्यटन की संभावनाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महोत्सव के पहले दिन, 15 फरवरी को पाली चैतुरगढ़ थंडर राइड साइकिल रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए प्रतिभागी गूगल लिंक या क्यूआर कोड के माध्यम से अपना पंजीयन 13 फरवरी की शाम 5 बजे तक करा सकते हैं।

### जनगणना समिति का हुआ गठन

**कोरबा।** भारत सरकार एवं जनगणना कार्य निदेशालय छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार भारत की जनगणना 2027 अन्तर्गत जिले के लिए आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर, पीओएल/वाहन किराया/आकस्मिक निधि व्यय का क्रियान्वयन तथा जिला प्रशासन/ चार्ज स्तर में तकनीकी सहाय/एमटीएस कार्मिको की नियुक्ति अधिकृत आउटसोर्सिंग के माध्यम से कराया जायेगा। उक्त कार्यों के सुचारू क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत द्वारा 5 सदस्यीय समिति का गठन किया गया है।

### प्रेरणा महिला मंडल ने बढ़ाया विद्यार्थियों का उत्साह



**कोरबा।** प्रेरणा महिला मंडल डीएसपीएम कोरबा ईस्ट द्वारा गायत्री मंदिर परिसर में संचालित विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। यह कार्यक्रम मंडल की अध्यक्षा श्रीमती अलका कंसल, अध्यक्षा श्रीमती निवेदिता बंजारा एवं उपाध्यक्षा श्रीमती अनु सरना के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति निरंतर मेहनत करते रहने और अपने लक्ष्य की दिशा में दृढ़ता के साथ प्रयास करने की प्रेरणा दी गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मंडल की सचिव श्रीमती पूनम भगत, संयुक्त सचिव श्रीमती भारती खरे, श्रीमती रजनी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष श्रीमती रश्मि साहू सांस्कृतिक सचिव श्रीमती कादंबरी राणा एवं श्रीमती गीता पैकरा का सहयोग सराहनीय रहा।

### हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी को चार वर्ष की कैद

**कोरबा।** टांगी से हमला कर हत्या का प्रयास करने के एक मामले में आरोपी के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने उसे चार वर्ष सश्रम कारावास से दंडित किया है। अतिरिक्त लोक अभियोजक कटघोरा संजय जायसवाल द्वारा जानकारी दिया गया कि आरोपी राजेश यादव द्वारा राजेश यादव को जमीन कब्जा करने की बात को लेकर टांगी से सिर पर मारकर प्राण घात्क हमला कर दिया जिससे राजेश यादव को गंभीर चोटें आयी थी जिसकी रिपोर्ट प्रार्थी राजकुमार यादव द्वारा थाना पाली में किया, जिस पर थाना पाली द्वारा कार्यवाही करते हुए आरोपी राजेश यादव के विरूद्ध अपराध सबूत पाये जाने पर धारा 307 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही की गई। संपूर्ण विवेचना पश्चात अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में पेश किया गया। प्रकरण में विचारण के दौरान प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश कटघोरा पीठासीन अधिकारी श्रीमती मधु तिवारी के द्वारा आहत एवं अन्य प्रत्यदर्शी साक्षियों के साक्ष्य पर विश्वास करते हुए आरोपी योगेश यादव द्वारा घटना को किया जाना पाया जिस पर निर्णय पारित करते हुए आरोपी के विरूद्ध मामला संदेह से परे प्रमाणित पाते हुए 4 वर्ष सश्रम कारावास एवं 1 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजक संजय जायसवाल ने किया।

# एसईसीएल ने किया एआई-सक्षम मोबाइल मेडिकल यूनिट परियोजना पर समझौता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एसईसीएल ने टीबी एवं अन्य फेफड़ों से संबंधित रोगों की रोकथाम एवं उपचार हेतु प्रोजेक्ट श्वास के क्रियान्वयन के लिए आश्रय फाउंडेशन के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

यह परियोजना एसईसीएल की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के अंतर्गत कोरबा जिले में संचालित की जाएगी, जिसके लिए 4.99 करोड़ की वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। एमओयू पर हस्ताक्षर एसईसीएल मुख्यालय में निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास की उपस्थिति में संपन्न हुए। इस अवसर पर सीएम वर्मा, महाप्रबंधक (सीएसआर) तथा आश्रय फाउंडेशन की ओर से नलिन जोहरी, कार्यकारी निदेशक ने एमओयू का आदान-प्रदान किया। कार्यक्रम में एसईसीएल के सीएसआर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। प्रोजेक्ट श्वास छत्तीसगढ़ राज्य में अपनी तरह की पहली एआई-आधारित मोबाइल मेडिकल यूनिट परियोजना होगी, जिसके माध्यम से टीबी एवं अन्य फेफड़ों की बीमारियों की घर-घर जाकर जांच, शीघ्र पहचान तथा उपचार से जोड़ने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। परियोजना के अंतर्गत निवारक, संवर्धनात्मक एवं ओपीडी आधारित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी, जिससे समय पर उपचार सुनिश्चित किया जा सकेगा। परियोजना के प्रमुख घटकों में प्री-टीबी लक्षणों का प्रारंभिक उपचार एवं प्राथमिक चिकित्सा सहायता, उपचार अनुपालन की निगरानी एवं फॉलो-अप, टीबी रोगियों के लिए देखभाल एवं स्वच्छता किट, मासिक पोषण एवं वेलनेस किट के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य परामर्श सेवाएं भी शामिल हैं।

### 4.99 करोड़ की सीएसआर सहायता मंजूर

**खास बातें**

- टीबी एवं फेफड़ों की गंभीर बीमारियों की होगी रोकथाम




## 15 फरवरी से गांव गांव में किया जा रहा वॉलपेंट

# जंगल को आग से बचाने नुक्कड़ नाटक का सहारा, ग्रामीणों को आ रहा है रास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गर्मी के सीजन में जंगल में पीले सोने की जमकर बारिश होती है और पीले सोने से ही ग्रामीण मालामाल होते हैं लेकिन पहले सोने के चक्कर में लोग जंगल को आग के हवाले कर देते हैं जिससे जंगल के साथ-साथ वन्य प्राणियों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। जंगल में आग लगने की घटना से लगातार जंगल खराब हो रहे हैं और औषधि भी नष्ट हो रहे हैं। इसी तरह की घटनाओं को रोकने के लिए कटघोरा वन मंडल अधिकारी ने एक नई पहल की है। इसके लिए वन विभाग द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जंगल से मिलने वाले लाभ के बारे में बताया जा रहा है। कैसे जंगल को आग से बचाना है इसकी जानकारी दी जा रही है। बाजारों में नुक्कड़ नाटक लग रही है जहां बड़ी संख्या में लोगों को पाठ पढ़ाया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि जिले के कोरबा और कटघोरा वन मंडल में विभिन्न प्रकार के वन औषधीय की भरमार है। साथी ही विभिन्न प्रकार के वन्य प्राणियों का बसेरा है। ग्रामीण जंगल में पाए जाने वाली चार, चिरौंजी, महुआ सहित अन्य औषधियों का संग्रहण कर मालामाल भी होते हैं लेकिन गर्मी के दिनों में खास तौर पर मार्च और अप्रैल के महीने में जैसे ही जंगलों में महुआ संग्रहण का दौर शुरू होता है। जंगल में आग लगने की घटना भी शुरू हो जाती है। लोग महुआ संग्रहण करने के लिए पत्तों में आग लगा देते हैं और इसी वजह से जंगल में भारी नुकसान होने के साथ साथ वन्य प्राणियों की मौत भी हो जाती है। लगातार बढ़ती इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए कटघोरा वन मंडल अधिकारी कुमार निशांत द्वारा कटघोरा मंडल के सभी रेंज में वॉल पेंट का सहारा लिया जा रहा है। वॉल पेंट के माध्यम से यह बताया जा रहा है कि जंगल से उन्हें ग्रामीणों को क्या-क्या लाभ मिलता है और आग लगने से क्या नुकसान होता है। इसके अलावा बाजारों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी लोगों को समझाइश दी जा रही है कि वह जंगल को आग लगने से कैसे बचाना है और जंगल से उन्हें क्या लाभ मिल रहा है। नुक्कड़ नाटक लोगों को जमकर रास आ रहा है। लोग खेल-खेल में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से



नुक्कड़ नाटक करते हुए कलाकार।

**दी जा रही जानकारी**

जंगल को आग से बचने के लिए वन विभाग द्वारा सभी ग्रामीण क्षेत्रों में वॉल पेंट कराया जा रहा है। वॉल पेंट के अलावा हाट बाजारों में नुक्कड़ नाटक आयोजित की जा रही है। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जंगल की सुरक्षा कैसे करनी है और जंगल से मिलने वाले लाभ के बारे में बताया जा रहा है। जंगल में आग लगने से क्या-क्या नुकसान हो रहे हैं इसकी भी जानकारी दी जा रही है।

-कुमार निशांत,
वन मंडलाधिकारी कटघोरा

# टेबल टेनिस में रायपुर सेंट्रल की टीम बनी विजेता, कोरबा पश्चिम उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज की अंतरक्षेत्रीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में रायपुर सेंट्रल की टीम ने एचटीपीएस कोरबा पश्चिम की टीम पर 3-1 से जीत दर्ज कर ली। स्पर्धा का फाइनल मैच सोमवार को खेला गया। विजयी टीम रायपुर सेंट्रल समेत विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अभियंता एचके सिंह ने विनर ट्राफी सौंपी गई। मेंस सिंगल में दुर्ग रीजन के रजनीश ओबेराय ने जीत दर्ज की जबकि एचटीपीएस कोरबा पश्चिम के खिलाड़ी टीपी सिंह को रनर का खिताब मिला। मेन्स डबल में रायपुर के खिलाड़ी प्रशांत बापट एवं अनुराग शर्मा ने जीत दर्ज की। जबकि एचटीपीएस कोरबा पश्चिम के खिलाड़ी टीपी सिंह एवं बिलासपुर रीजन के समीर तिवारी को रनर का खिताब मिला है। विमेन्स सिंगल में रायपुर की दिव्या आमडे विजयी रहीं जबकि दुर्ग की शोभना सिंह को रनर का खिताब मिला। गौरतलब है कि अंतरक्षेत्रीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता की मेजबानी इस बार हसदेव ताप विद्युत संयंत्र, कोरबा पश्चिम को मिली थी। रविंद्र सांस्कृतिक मंच (सीनियर क्लब) के भवन में आयोजित इस स्पर्धा में पावर कंपनीज की सात टीमों ने हिस्सा लिया।




विजेता टीम के खिलाड़ी।

**राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए 14 खिलाड़ियों का चयन**

अखिल भारतीय पावर कंपनी प्रतियोगिता के लिए टेबल टेनिस के 14 खिलाड़ियों का चयन किया गया। पुरूष टीम में रजनीश ओबेराय, टीपी सिंह, अनुराग शर्मा, अनिल अग्रवाल, प्रशांत बापट, समीर तिवारी, सागर पिंपलापुरे और विवेक पटेल शामिल हैं। जबकि महिला टीम में दिव्या आमडे, शोभना सिंह, उपासी धाकड़, मोनिका दीवान, श्रद्धा वर्मा और निरंजना गवेल शामिल हैं।

# उद्योग मंत्री ने कन्नौजिया राठौर सामाजिक भवन का किया लोकार्पण



उद्योग मंत्री का स्वागत करते हुए समाज के पदाधिकारी।

**कोरबा।** कन्नौजिया राठौर समाज परिवार द्वारा स्वजनों के सहयोग से निर्मित शहर के द्वितीय सामाजिक भवन का लोकार्पण एवं वार्षिक सम्मेलन का आयोजन शनिवार को किया गया। यह नवीन सामाजिक भवन मैगजीन भाटा, वार्ड क्रमांक 34, दादरखुर्द में निर्मित किया गया है।

कार्यक्रम के दौरान आनंद मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाज की महिलाओं की सहभागिता से आनंद मेला कार्यक्रम एंव सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, अति विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, कार्यक्रम की अध्यक्षता कन्नौजिया राठौर समाज के केन्द्रीय अध्यक्ष हेमचंद राठौर विशिष्ट अतिथियों मे निगम सभापति नूतन सिंह ठाकुर, कन्नौजिया राठौर समाज के महासचिव डॉ. राघवेन्द्र प्रताप सिंह राठौर, पार्षद नरेन्द्र देवांगन, पार्षद श्रीमती सुनीता चौहान, पार्षद तरुण राठौर, पार्षद सुभाष राठौर पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष श्यामलाल राठौर, मनहरण राठौर, कन्हैया राठौर व चुडामणी राठौर, कन्नौजिया राठौर समाज कोरबा के अध्यक्ष सीताराम राठौर, सुश्री आशा साव, उमा राजेंद्र राठौर, नंद किशोर साव, सीताराम राठौर, देवप्रसाद राठौर, उमेंदराम साहू संजय राठौर, रामकुमार राठौर, बेनिराम राठौर, उर्मिला राठौर मंचासीन रहे। लोकार्पण कार्यक्रम व स्नेह सम्मेलन के सफल आयोजन मे मुख्य भूमिका कन्नौजिया राठौर समाज कोरबा के अध्यक्ष सीताराम राठौर, कोषाध्यक्ष छबीराम राठौर एवं सचिव हरीश कुमार राठौर साथ ही समाज की विभिन्न इकाइयों के अध्यक्ष विजय कुमार राठौर, जयनंद राठौर, फलेश राठौर, छतलाल राठौर, उघोलाल राठौर, राजेश कुमार राठौर, नानकचंद एवं चेतन राठौर ने भागीदारी दिया।

### पीएम श्रम योगी मानधन पंजीकरण 15 तक

**कोरबा।** प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना एवं एनपीएस ट्रेडर्स योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए निगम क्षेत्र में 15 फरवरी तक विशेष पंजीकरण अभियान संचालित किया जा रहा है, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना असंगठित क्षेत्र से संबंधित उन श्रमिकों के लिए 60 वर्ष की आयु के बाद 3 हजार रूपये की न्यूनतम मासिक पेंशन सुनिश्चित करती है, जिनकी मासिक आय 15 हजार रूपये तक है।

## आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि राजेश, जयंती, पूनम पिता हीरालाल, महेशिया पति हीरालाल मोहनलाल पिता बिसम्हर सभी जाति यादव ग्राम मुड़पार तहसील शिवरीनारायण जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) वालों के नाम पर मौजा ग्राम मुड़पार प.ह.नं. 09 रा.नि.मं. शिवरीनारायण में ख.नं. 673/3, 894/2, 996/2, रकबा क्रमशः 0.093, 0.121, 0.097 हे. भूमि अवस्थित है। जिसे मेरा पक्षकार कृष्ण कुमार केशरवानी पिता नंदबाबा केशरवानी सा. खरौद द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा किया है जो कि निकट भविष्य में रजिस्ट्री होना है। इस भूमि के संबंध में कोई भी बैंक, संस्था या कोई भी व्यक्ति दावा आपत्ति करना चाहे तो आज दिनांक से 10 दिन के अंदर कर सकता है।

सो सूचना जाने।

**गजेन्द्र बंजारे**
**अधिवक्ता**
**सिविल कोर्ट नवागढ़**
**जिला जांजगीर चांपा**

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला-सक्ती (छ.ग.)**

विवाह प्रकरण क्रमांक 202601310200003/B-121/2026-27

ग्राम- साकिन नगरदा, पोस्ट नगरदा तहसील बाराद्वार

आवेदक आवेदक अर्जुन सिंह कंवर पिता श्री स्व. बुड़गाराम कंवर जाति कंवर, निवासी ग्राम आमादरहा पोस्ट सकरेली थाना व तहसील बाराद्वार जिला सक्ती (छ.ग.) एवं आवेदिका नरेन्द्री कंवर, पिता श्री लक्ष्मीनारायण, निवासी ग्राम नगरदा पोस्ट व थाना नगरदा तहसील बाराद्वार जिला-सक्ती (छ.ग.)

**विरुद्ध छत्तीसगढ़ शासन**

**ईस्तहार**

आम जनता ग्राम नगरदा, पोस्ट व थाना नगरदा तहसील बाराद्वार को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक आवेदक अर्जुन सिंह कंवर पिता श्री स्व. बुड़गाराम कंवर जाति कंवर, निवासी ग्राम आमादरहा पोस्ट सकरेली थाना व तहसील बाराद्वार जिला-सक्ती (छ0ग0) एवं आवेदिका नरेन्द्री कंवर, पिता श्री लक्ष्मीनारायण, निवासी ग्राम नगरदा पोस्ट व थाना नगरदा तहसील बाराद्वार जिला-सक्ती (छ0ग0) द्वारा संयुक्त रूप से विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-15 के तहत अनुष्ठापित विवाह की सूचना आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अत: इस संबंध में किसी को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 27.02.2026 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 2026 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**विवाह अधिकारी जिला-सक्ती (छ.ग.)**

जॉंजगीर मार्केट

आदित्य प्लाई, हार्डवेयर, फर्नीचर
मो. 6260115021
प्लाई, सनमाइका, फेवीकोल, सेंट्रींग प्लाई, वॉल पेपर, मंदिर दरवाजे, खिड़की, चौखट, तखत, टेबल, सोफा सेट, दीवान पलंग, सेंट्रींग फर्मा, गद्दे, तकीये एवं शादी विवाह के संपूर्ण समान थोक एवं चिल्हर एक छत के नीचे कम दाम पर प्राप्त करें।
संबंधित प्रतिष्ठान: सिंघानिया लकड़ी लघु उद्योग सभी प्रकार की ईमारती लकड़ी एवं सेंट्रिंग की लकड़ी कम दर पर प्राप्त करें।
लिंक रोड, नेताजी चौक, बैंक ऑफ बडौदा के पास जांजगीर मो.9302362173

प्रो. विद्याशंकर सिंघानिया
विद्या इलेक्ट्रिकल्स
सभी कम्पनियों के बिजली सामनों के थोक एवं चिल्हर विक्रेता।
न्यू चांपा रोड, नेताजी चौक जांजगीर जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
9926744810

संजीवनी SPRHC
फिजियोथेरेपी एवं पाईल्स क्लीनिक
पाईल्स बवासीर भगंदर पथरी (बिना ऑपरेशन)
* फ्रेक्चर, प्लास्टर, ऑपरेशन के बाद जोड़ों का दर्द, जकड़न, ना मुड़ना
* कमर, गर्दन, कंधा, घुटना, एड़ी का दर्द
* सियाटिका, वात, लकवा (हाथ, पैर, मुंह)
* नसों से संबंधित दर्द
डॉ. श्रीमती ममता साहू BAMS, MS(Surgery), CGO (Nagpur) डॉ. योगेश साहू (P.T.) BPT, MPT (Ortho.), CMT, DNHE
परशुराम चौक, डॉ. चन्द्रा हॉस्पिटल के बगल गली में, चाम्पा M : 96915 53615

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड ◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

TOP IN JANJGIR

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
डॉ. संजीता जैन MBBS, MS, FPRS OPHTHALMOLOGIST PHACO & LASIK SPECIALIST नेत्र रोग विशेषज्ञ
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट डॉ. प्रदीप जैन MBBS, MS, MCh, DrNB Urology Mumbai Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बांझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
डॉ. संजीता जैन MBBS, MS, FPRS OPHTHALMOLOGIST PHACO & LASIK SPECIALIST नेत्र रोग विशेषज्ञ
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडेंटिस्ट डॉ. सुमिता जैन
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बतीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बतीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी, पैर और पैर की ऊँगलियों की सर्जरी
- सत्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द, साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत नि:शुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि।
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलॉजी, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई.ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ।
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- नि:संतान दम्पतियों का परामर्श एवं इलाज, महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रूकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसिल, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

## खबर संक्षेप

### राज्यपाल के हाथों सम्मानित हुईं व्याख्याता ज्योति सराफ



**चांपा।** दिव्यांगजनों के शैक्षणिक सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल के अंतर्गत रायपुर स्थित लोकभवन, सिविल लाइंस में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका के द्वारा दृष्टिबाधित बच्चों के लिए तैयार की गई दो महत्वपूर्ण ब्रेल पुस्तकों का विमोचन किया गया। साथ ही 3200 से अधिक ऑडियो बुक्स का भी लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुरदा की व्याख्याता श्रीमती ज्योति सराफ को लेखाशास्त्र एवं व्यवसाय अध्ययन 200 से अधिक ऑडियो बुक्स के निर्माण हेतु विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस ऑडियो बुक सीरीज मेंकक्षा 6वीं से 12वीं तक के सभी विषयों के लिए ऑडियो बुक्स तैयार की गई हैं, जिनमें विद्यार्थियों की आवश्यकता के अनुरूप प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु विशेष प्लेलिस्ट भी सम्मिलित है। दृष्टिबाधित बच्चों तक सुलभ अध्ययन सामग्री पहुंचाने के उद्देश्य से प्रारंभ इस अभियान के संबंध में व्याख्याता श्रीमती ज्योति सराफ ने बताया कि इस पहल की प्रेरणास्त्रोत राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका सुश्री के. शारदा (दुर्ग) हैं। वर्ष 2024 में उन्हें यह सम्मान प्राप्त होने के पश्चात 25 अक्टूबर 2024 से उन्होंने स्वयं ऑडियो बुक्स बनाना प्रारंभ किया। प्रारंभ में 800 से अधिक ऑडियो बुक्स तैयार की गईं, जो बाद में विभिन्न जिलों के शिक्षकों के जुड़ने से बढ़कर 3200 से अधिक हो गईं।

### छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओत-प्रोत परेड व भाषण की दी प्रस्तुति



**अकलतरा।** नगर स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। मुख्य अतिथि एसएमडीसी अध्यक्ष नानक रोहरा द्वारा ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान का सामूहिक गायन हुआ। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओत-प्रोत परेड, प्रेरक भाषण तथा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों ने नृत्य एवं गायन के माध्यम से भारत के विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक विविधताओं को जीवंत रूप में प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन निष्ठा साहू एवं पूजा साहू द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन प्राचार्य आर. एल. बंजारे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में भविष्य चंद्राकर, मोइद खान, संगीत कर्ष, तरन्नुम जहां, पुरुषोत्तम नामदेव, मदन मोहन सिंह चंदेल, गीता सिंह, सूरज चौबे, दीक्षा साहू सहित विद्यालय परिवार एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

### महिला कमांडो ग्रुप को पुनः शुरू करने पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन



**सक्ती।** शहर के वार्ड क्रमांक 2 की महिलाओं ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंप कर कोरोना के पहले संचालित महिला कमांडो ग्रुप को पुनः शुरू करने की मांग को लेकर ज्ञापन सोपा है। ज्ञापन सौंपने वाली महिलाओं ने बताया कि कोरोना के पहले वार्ड में महिला कमांडो का ग्रुप संचालित हो रहा था जिससे का वार्ड की महिलाओं में सुरक्षा का माहौल था, वहीं अपराधी और अवैध गतिविधियों में लिप्त व्यक्ति मोहल्ले से दूर रहते थे, जिसे शांति का माहौल था। महिलाएं अपने आप को सुरक्षित महसूस करती थी, लेकिन कोरोना कल के बाद से महिला कमांडो ग्रुप को बंद कर दिया गया है, जिसके चलते आए दिन गाली गलौज मारपीट लड़ाई झगड़ा चोरी जैसे वारदात वार्ड में होना आम हो गया है। नंदनी टंडन, लता कुर्रे, मिना रात्रे , ग्वालीन ,चित्रकला रात्रे ने थाना पहुंचकर पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा है।

## निधन

### रथलाल डडसेना

**तालदेवरी।** बम्हनीडीह ब्लॉक के अन्तर्गत ग्राम पंचायत करनौद के रथलाल डडसेना का आकस्मिक निधन हो गया। वह सेवा सहकारी समिति करनौद में संस्था प्रबंधक के पद पर पदस्थ थे ,उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि उनके पुत्र ने दी। वे पीछे अपने भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए है। अंतिम यात्रा में परिजन,स्वजातीय बंधु सहित बड़ी संख्या स्नेहीजन शामिल हुए।



**केन्द्र सरकार के बजट पर प्रतिक्रिया : भाजपा ने कहा सभी का रखा ख्याल, कांग्रेसियों ने बताया छलावा**

# खुला केन्द्र सरकार का पिटारा, किसी ने सराहा तो कहीं निराशा

### केन्द्र सरकार का बजट काफी निराशाजनक



आभास बोस

लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री आभास बोस ने कहा कि केन्द्र सरकार का यह बजट काफी निराशाजनक है। एस.टी.टी. में छूट न देकर बढ़ाया गया है जो कि आम जनता के उम्मीद के खिलाफ है। आम जनता एस.टी.टी. में कमी की उम्मीद लगाये बैठी थी। उन्होंने कहा कि बजट के बाद बाजार धड़ाम हो गया और कुछ ही पल में निवेशकों के करोड़ों रुपए डूब गए।

### बजट में सभी वर्गों के हितों का रखा गया ध्यान



हरदेव टंडन

केन्द्रीय वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में प्रस्तुत बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते भाजपा नेता हरदेव टंडन ने कहा कि यह बजट देश के विकास को नई दिशा देने वाला बजट साबित होगा। इस बजट में सभी वर्गों के हितों का ध्यान रखा गया है। बजट में खासकर किसानों और महिलाओं का विकास को ध्यान में रखते हुए सर्व जन हिताय, सर्व जन सुखाय के रुप में यह बजट प्रस्तुत किया गया है।

### केंद्र सरकार का बजट सर्व समावेशी बजट



ऋषभ नाथ योगी

वरिष्ठ भाजपा नेता व समाजसेवी ऋषभ नाथ योगी ने केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट को सरकार का सर्व समावेशी बजट की संज्ञा दी है। उन्होंने कहा इस बजट में अंतिम छोर में बैठे हुए नागरिक एवं आर्थिक दृष्टि से कमजोर व्यक्ति को पूर्ण सहयोग मिलने की संभावनाएं हैं। प्रस्तुत बजट में विशेष रूप से 12 लाख रुपये तक की आय पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। स्टैंडर्ड डिडक्शन 75 हजार रुपये से बढ़ाकर 1 लाख रुपये किया गया है। किसान सम्मान निधि को 6 हजार रुपये से बढ़ाकर 9-12 हजार रुपये किया गया है।

### केन्द्रीय बजट सभी वर्गों को साधने वाला



खिलावन साहू

सक्ती विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा छत्तीसगढ़ के पूर्व प्रदेश महामंत्री डॉ खिलावन साहू ने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट की सराहना करते हुए इसे सभी वर्गों को प्रसन्न करने वाला बजट बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है जिससे देश की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। बजट में गरीब, मजदूर, किसान, व्यापारी, उद्योगपति, कर्मचारियों व सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है।

### केंद्रीय बजट से देश को मिलेगी नई गति



प्रदीप कुमार

केन्द्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए सक्ती निवासी युवा प्रदीप कुमार ने कहा कि वर्ष 2026-27 का केंद्रीय बजट प्रगतिशील भारत की दिशा में एक सशक्त और दूरदर्शी पहल है। उन्होंने बताया कि इस बजट में विशेष रूप से युवा वर्ग के लिए कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं, जो आने वाले समय में रोजगार, शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में लाभकारी सिद्ध होंगे। उन्होंने आगे कहा कि बजट में शिक्षा, आधुनिक कृषि, महिला सशक्तिकरण सहित विभिन्न सामाजिक और आर्थिक क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया गया है।

### विकसित भारत की ओर देश को ले जाने वाला



निलेश गुप्ता

बलौदा भाजपा मंडल अध्यक्ष निलेश गुप्ता ने कहा कि बजट विकसित भारत की ओर देश को ले जाने वाला है इसमे शिक्षा, स्वस्थ्य, रोजगार, कृषि, उद्योग, परिवहन सहित युवा, महिला एवं सभी वर्गों को ध्यान में रख कर बनाया गया है। ये बजट वर्तमान के साथ साथ भविष्य के सपनों को साकार करता है। इस बजट से उसे नई गति मिलेगी। किसी भी देश की सबसे बड़ी पूंजी नागरिक हैं, उन्हें समृद्धि का मजबूत भागीदार बनाना और सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के विजन को साकार करना ही मोदी सरकार की नीति रही है।

### बजट में आम जनता को नहीं मिली राहत



रफीक सिद्दिकी

वित्तमंत्री द्वारा लोकसभा में पेश किए गए केंद्रीय बजट की आलोचना करते हुए जांजगीर-चांपा जिला कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता रफीक सिद्दिकी ने इसे आम जनता के साथ छलावा बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा प्रस्तुत इस बजट का लाभ सिर्फ बड़े और संपन्न वर्ग को मिलेगा, जबकि देश की बड़ी आबादी विशेषकर मध्यम और निम्न वर्ग इससे वंचित रह गया है। रफीक सिद्दिकी ने कहा कि बजट में निम्न वर्ग और किसानों को पूरी तरह नजरअंदाज किया गया है

### केंद्रीय बजट जनता के साथ धोखा



राजेश अग्रवाल

लोकसभा में पेश किए गए केंद्रीय बजट पर जांजगीर-चांपा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने बेहद तीखा हमला करते हुए इस बजट को आम जनता के साथ सीधा धोखा बताया है। अपनी प्रतिक्रिया में उन्होंने कहा कि यह बजट गरीब, किसान, मजदूर और मध्यम वर्ग को कुचलने वाला है, जबकि बड़े उद्योगपतियों को और अमीर बनाने का रोडमैप है। राजेश अग्रवाल ने कहा कि सरकार हर साल विकसित भारत का नारा देती है, लेकिन इस बजट में महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की बदहाली पर एक शब्द तक नही बोला गया है। उन्होंने कहा कि धान का कटोरा कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ के अन्नदाता किसान कर्ज और लागत से जूझ रहे हैं, लेकिन केंद्र सरकार ने उन्हें इस बजट में पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह बजट आंकड़ों की जादूगरी और झूठे सपनों का पुलिंदा है।

### बजट से गरीब और मध्यम वर्ग की टूटेगी कमर



सुनील साधवानी

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चांपा के अध्यक्ष सुनील साधवानी ने अपनी बजट प्रतिक्रिया में कहा कि इसमें आम आदमी को राहत देने की बजाय रोजमर्रा की जरूरतों को और महंगा कर दिया गया है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग की कमर टूटेगी। उन्होंने कहा कि सरकार का यह बजट उसकी कार्पोरेटपरस्त और जनविरोधी सोच को उजागर करता है। साधवानी ने सवाल उठाते हुए कहा कि क्या यही है विकसित भारत, जहां अमीरों की तिजोरियां भर रही हैं और आम आदमी दो वक्त की रोटी के लिए जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस जनविरोधी बजट का सड़क से सदन तक विरोध करेगी और आम जनता की आवाज को दबने नही देगी।

### बजट सर्वहारा वर्ग के लिए पूरी तरह निराशाजनक



मोतीलाल देवांगन

जांजगीर-चांपा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक मोतीलाल देवांगन ने केन्द्रीय बजट 2026 को सर्वहारा वर्ग के लिए पूरी तरह निराशाजनक बताते हुए कहा कि इससे न तो युवाओं को रोजगार मिलेगा और ना ही किसानों की बदहाली दूर होगी। अपनी प्रतिक्रिया में देवांगन ने कहा कि यह बजट जमीनी हकीकत से कोसों दूर है, जिसमें देश की वास्तविक आर्थिक चुनौतियों से आंख मूंद ली गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि केन्द्र सरकार युवाओं, किसानों और आम नागरिकों की पीड़ा से पूरी तरह अंजान है। बजट में देश की वास्तविक समस्याओं को सुलझाने की बजाए केवल आंकड़ों की बाजीगरी की गई है। आज देश का युवा रोजगार के लिए भटक रहा है और निवेशक पूंजी निकाल रहे है। इसके अलावा घरेलू बचत में गिरावट आ रही है तथा किसान कर्ज व लागत के बोझ तले दबकर आत्महत्या करने पर मजबूर है।

### केंद्रीय बजट मध्यम वर्ग पर बोझ



नागेन्द्र गुप्ता

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए केंद्रीय बजट 2026-27 पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता व पूर्व पार्षद नागेन्द्र गुप्ता ने कहा कि यह मध्यम वर्ग की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरता। बजट में कई कमियां हैं जो आर्थिक विषमता को बढ़ावा देती हैं और समाज में धन के असमान वितरण को और गहरा करती हैं। इससे आवास बाजार और असंतुलित होगा। मध्यम वर्ग के लिए बजट में कोई नई राहत नहीं है। बजट में आयकर स्लैब या दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। कुल मिलाकर इससे मध्यम वर्ग जो पहले से ही बढ़ती महंगाई और ऊंची ब्याज दरों से जूझ रहा है, को कोई अतिरिक्त राहत नहीं मिल पाई है।

### किसानों, महिलाओं, युवाओं व उद्यमियों को मिलेगा लाभ



सुभाष शर्मा

भाजपा नगर मंडल चांपा के कार्यालय मंत्री सुभाष शर्मा ने अपनी बजट प्रतिक्रिया में कह कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में जिस 'सुधार एक्सप्रेस' की नींव रखी है, उसका सीधा लाभ हमारे किसान भाइयो, महिलाओं, युवाओं, छात्रों और उद्यमियों को मिलेगा जिसमें हमारा छत्तीसगढ़ और जांजगीर-चाम्पा जिला भी प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होगा।

### बजट से देश का हर वर्ग होगा लाभान्वित



नरेन्द्र ताम्रकार

नगरपालिका परिषद चांपा के भाजपा के पूर्व पार्षद नरेन्द्र ताम्रकार ने वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में प्रस्तुत केन्द्रीय बजट 2026 की सराहना करते हुए कहा कि इस बजट से देश का हर वर्ग लाभान्वित होगा। उन्होंने कहा कि बजट में सभी वर्गों का पूरी तरह ध्यान रखा गया है। साथ ही रेल बजट में प्रस्तावित ईस्ट वेस्ट रेल कारीडोर से प्रदेश को रेल नेटवर्क का भी फायदा मिलेगा।

### सभी वर्गों का रखा गया ध्यान



गोपाल मित्तल

भाजपा नेता एवं नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष गोपाल मित्तल ने केंद्र सरकार द्वारा पारित बजट को सराहनीय बताते हुए कहा कि इसमें सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। इस बजट से महिलाओं, युवाओं, किसानों और लघु उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। यह बजट देश को विकास की गति प्रदान करेगा। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीता रमण के प्रति आभार प्रगट करते हुए कहा कि यह बजट देश को उन्नति की नई ऊंचाईयों तक ले जाएगा।

### विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में सशक्त कदम



गोपी बरेठ

भाजपा नगर मंडल चांपा के महामंत्री अधिवक्ता गोपी बरेठ ने अपनी बजट प्रतिक्रिया में कहा कि केंद्रीय बजट भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में सबसे सशक्त कदम है। इस बजट का सीधा लाभ हमारे किसान भाइयों, महिलाओं, युवाओं, छात्रों और उद्यमियों को मिलेगा। उन्होंने इसे एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी दस्तावेज बताया है।

### बजट किसान, गरीब और विकास को समर्पित



प्रदीप नामदेव

नगरपालिका परिषद चांपा के अध्यक्ष प्रदीप नामदेव ने कहा कि केंद्र सरकार का बजट किसान, गरीब और विकास को समर्पित बजट है। उन्होंने कहा कि यह बजट किसानों, युवाओं, महिलाओं और मध्यम वर्ग को सशक्त बनाने वाला तथा विकसित भारत के संकल्प को मजबूती देने वाला बजट है। इस बजट में कृषि एवं किसान कल्याण के लिए बढ़े हुए प्रावधान, आधुनिक तकनीक का समावेश, डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से किसानों तक जानकारी पहुंचाने की पहल तथा उच्च-मूल्य फसलों को बढ़ावा देने जैसे निर्णय सरकार की किसान-हितैषी सोच को दर्शाते हैं।

## हसौद में कांग्रेस का हल्लाबोलः मनरेगा और धान खरीदी को लेकर चक्काजाम



**हसौद।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी हसौद के अध्यक्ष कुशल कश्यप के नेतृत्व में 'मनरेगा बचाओ संग्राम' एवं धान खरीदी की तारीख बढ़ाने की मांग को लेकर एकदिवसीय विशाल धरना प्रदर्शन और सांकेतिक चक्का जाम किया गया। इस आंदोलन में सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता और किसान सड़कों पर उतरे, जिससे शासन-प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए।

आंदोलन के मुख्य अतिथि और मनरेगा बचाओ संग्राम के प्रदेश समन्वय पूर्व कैबिनेट मंत्री उमेश पटेल ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा छत्तीसगढ़ की वर्तमान सरकार जानबूझकर मनरेगा को कमजोर कर रही है। गरीबों के हाथ से काम छीना जा रहा है और भुगतान में जानबूझकर देरी की जा रही है। भाजपा की नियत हमेशा से गरीब विरोधी रही है,लेकिन कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर इस लड़ाई को लड़ेगा। जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू ने धान खरीदी के मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए कहा कि किसान आज भी अपनी फसल बेचने के लिए परेशान है। उन्होंने मांग की कि सरकार तुरंत धान खरीदी की तारीख आगे बढ़ाए। किसानों को उनकी मेहनत का पूरा मोल मिलना चाहिए, लेकिन यह सरकार केवल कागजों पर काम कर रही है। अगर तारीख नहीं बढ़ाई गई तो किसान चुप नहीं बैठेगा। ब्लॉक अध्यक्ष कुशल कश्यप ने कहा कि भाजपा सरकार ने जनता को ठगने का काम किया है। जनविरोधी नीतियों के कारण इस सरकार की उल्टी गिनती अब शुरू हो चुकी है। आंदोलन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने घंटों तक चक्का जाम रखा और जमकर नारेबाजी की। कार्यक्रम को प्रदेश सचिव सुरेन्द्र भार्गव, तोशिबा लायन, मधुसूदन साहू, छोटूदास महंत, ओमप्रकाश बर्मन, कृपा सागर मैत्री,हरिलाल खटर्जी, राजेश लहरे, सीता बाई जाटवर, दुजराम साहू, सुभान खान ने भी सम्बोधित किया, संचालन मोहन धिरहे ने किया। इस प्रदर्शन में भोजराम हरवंश, प्यारे साहू,प्रेम कश्यप, संतोष साहू,रमेश कश्यप गणेश माझी, त्रिदेवराय, दादूराम सोनवानी, लखन लाल चन्द्रा, दशरथ कर्ष,भगवानदीन भारद्वाज, टिकाराम कुर्रे, पिन्टू जायसवाल, स्माइल खान, प्रदीप पटेल, शत्रुघन चन्द्रा,अमृत साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीण और किसान उपस्थित रहे।

## जनदर्शन में एडीएम ने सुनी समस्याएं, मिले 106 आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर एवं संयुक्त कलेक्टर संदीप ठाकुर ने 2 फरवरी को आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आम नागरिकों की समस्याएं एवं मांगों को संवेदनशीलता के साथ सुना। उन्होंने प्राप्त आवेदनों का संबंधित अधिकारियों को निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में कुल 106 आवेदन प्राप्त हुए है। जनदर्शन में आज जांजगीर तहसील अंतर्गत ग्राम मुनुन्द निवासी कन्हैया लाल कश्यप द्वारा नया राशन कार्ड बनाने, जांजगीर निवासी राजेश भार्गव मनरेगा जॉब कार्ड में पुनः पंजीकरण करवाने, अकलतरा तहसील के ग्राम पंचायत साँकर निवासी जगदेव सिंह द्वारा मुआवजा राशि दिलाने, पामगढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम तनौद निवासी ठाकुर राम महिपाल प्रधानमंत्री कृषि सम्मान निधि राशि का लाभ दिलाने, विकासखंड के ग्राम औराई कला के निवासी श्रीमती धुरवा बाई पटेल अवैध कब्जा पर कार्रवाई करने, तहसील चांपा के संजय नगर निवासी सविता ट्राई साइकिल प्रदान करने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किये।

## विद्युत मंडल ने दी ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

- प्रधानमंत्री मुफ्त बिजली बिल योजना के हितग्राहियों को किया गया सम्मानित



उपभोक्ताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित करते अतिथि।

छत्तीसगढ़ राज्य गठन गठन होने के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी द्वारा अकलतरा ग्रामीण वितरण केंद्र के अंतर्गत ग्राम तिलई में रजत जयंती महोत्सव शिविर का आयोजन ईश्वर साहू जनपद सदस्य, रोहित सारथी , ललित कौशिक , राम गुप्त रामगोपाल कौशिक एवं सहायक यंत्री बी एल जांगड़े के आतिथ्य में किया गया।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी द्वारा विगत 25 वर्षों में संरचना विकास, एवं उपलब्धियां की जानकारी दी गई । साथ ही ग्रामीणों को विद्युत विभाग द्वारा चलाए गए विभिन्न योजनाओं की प्रदर्शनी के माध्यम से जानकारी प्रदान की गई। अतिथियों ने अपने उद्घोषणा में विद्युत विभाग द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की, एवं 25 वर्षों में किए गए कार्यों एवं उपलब्धियां हेतु बधाई दी गई। साथ ही विद्युत विभाग के कर्मचारी की लगातार मेहनत हेतु सराहना करते हुए उपभोक्ताओं से अपील की कि समय पर विद्युत बिल का भुगतान करते हुए विद्युत विभाग को सहयोग प्रदान करें। सहायक यंत्री बीएल जांगड़े ने कहा कि जांजगीर जिले में उपभोक्ताओं की संख्या में 25 साल में 2 लाख से वृद्धि हुई है, साथ ही विद्युत विभाग द्वारा विद्युत लाइनें ट्रांसफार्मर एवं कनेक्शन की संख्या में अनुपातिक कार्य करते हुए उपभोक्ताओं का हमेशा ख्याल रखा गया है। शिविर में एकल बत्ती कनेक्शन धारी ऐसे उपभोक्ता जो सजग रूप से विद्युत का मितव्ययिता के साथ उपयोग कर रहे हैं, ऐसे घरेलू गैर घरेलू , कृषि पंप उपभोक्ता जो बिना किसी विलंब के सही समय पर विद्युत का भुगतान कर देते हैं उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। अकलतरा ग्रामीण क्षेत्र के प्रधानमंत्री मुफ्त बिजली बिल योजना के प्रथम पांच हितग्राही उपभोक्ताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। शिविर में हितग्राहियों के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे एवं सोलर वेंडर शारदा कंस्ट्रक्शन से ऐश्वर्य सिंह बैस, रामजी सोलर से मोनू नामदेव एवं ग्रीन एनर्जी से संजीव राठौर उपस्थित रहे।

## तीरंदाजी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती


प्रमाण पत्र के साथ उपस्थित खिलाड़ी।

परमेश्वरी देवी शिक्षण समिति द्वारा संचालित परमेश्वरी पब्लिक स्कूल सक्ती में तीरंदाजी का निरंतर और समर्पित प्रशिक्षण अब सफलता की नई इबारत लिख रहा है। विद्यालय में प्रशिक्षित हो रहे छात्र-छात्राओं को कोच करन यादव द्वारा न केवल स्कूल परिसर बल्कि बाज़ार ग्राउंड में भी नियमित रूप से उच्चस्तरीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

कोच करन यादव का निरंतर प्रयास है कि सक्ती जिले के प्रतिभावान तीरंदाज राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर जिले और विद्यालय का नाम रोशन करें इसी क्रम में परमेश्वरी पब्लिक स्कूल में प्रशिक्षण ले रही होनहार छात्रा भूमिका बरेठ का चयन रायपुर खेल आवासीय अकादमी के लिए हुआ है। जिले के खेल इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। उक्त प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्चरी संघ के अध्यक्ष कैलाश मुरारका द्वारा सफल खिलाड़ियों को टी-शर्ट, मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे खिलाड़ियों का उत्साह और आत्मविश्वास और अधिक बढ़ा। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक खिलाड़ी ने 346 अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, वहीं राजीव महंत ने 335 अंक बनाकर चौथा स्थान हासिल किया। यह उपलब्धियां इस बात का प्रमाण हैं कि सक्ती जिले के तीरंदाज अब राज्य ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी मजबूत पहचान बनाने की ओर अग्रसर हैं।विद्यालय प्रबंधन, कोच करन यादव एवं अभिभावकों ने सभी खिलाड़ियों की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। यह सफलता आने वाले समय में जिले को खेल मानचित्र पर और अधिक सशक्त रूप से स्थापित करेगी।

## टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ब्लॉक बम्हनीडीह एवं जैजैपुर के पदाधिकारियों ने जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू से मुलाकात कर शिक्षक एल बी संवर्ग के मांगो को विधानसभा में उठाने एवं मुख्यमंत्री को पत्र लिखने के लिए मांग पत्र सौंपा।

विधायक बालेश्वर साहू ने टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल से कहा कि मांगो को पूरा करने मुख्यमंत्री को पत्र लिखेंगे, तथा बजट भाषण एवं ध्यानाकर्षण में मांगो को विधानसभा में उठाएंगे। सौंपे गए ज्ञापन में जिन मांगो को शामिल किया गया है उसमें पूर्व सेवा अवधि को पेंशन की गणना में शामिल करने रमेश चंद्रवंशी, रामलाल डडसेना एवं अन्य के मामले में उच्च न्यायालय द्वारा यह महत्वपूर्ण रूप से प्रतिपादित किया गया है कि पेंशन एक कल्याणकारी योजना है तथा यह सेवाओं के बदले दिया जाने वाला स्थगित पारिश्रमिक है। साथ ही न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि संविलियन से पूर्व याचिकाकर्ताओं द्वारा दी गई दीर्घकालीन सेवाओं को अप्रासंगिक मानकर नजर अंदाज नहीं किया जा सकता। ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी, उमेश तेम्बूलकर ब्लॉक अध्यक्ष बम्हनीडीह, लोचन चंद्रा ब्लॉक जैजैपुर जिला पदाधिकारी विनोद राठौर, भागीरथी चंद्रा, संतोष देवांगन, अशोक देवांगन, लखेश्वर चंद्रा, नेहरू पटेल, दिलीप पांडेय, क्रांति कुमार सिंह चंदेल, उत्तम चंद्रा, शरद चतुर्वेदी, झाम लाल यादव, राम लाल निराला, गोपाल सूर्यवंशी, विक्रम सिंह कंवर, कुशल देवांगन शामिल थे।

## खबर संक्षेप

### शारदा संगीत विद्यालय में संगीत विद अन्तिम वर्ष के छात्र को दी गई विदाई



**बिर्रा।** शारदा संगीत विद्यालय बिर्रा द्वारा आयोजित संगीत विद अन्तिम वर्ष के छात्र का विदाई समारोह 1 फरवरी को आचार्य चाणक्य सभागार में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में मणिलाल कश्यप अध्यक्ष शारदा संगीत विद्यालय सामाजिक कार्यकर्ता एवं अध्यक्षता एकादशियां साहू सरपंच प्रतिनिधि बिर्रा रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में धनेश मिश्रा प्राचार्य वंदे मातरम स्कूल, तोषण प्रसाद तिवारी से.नि. प्राचार्य , प्रकाश चन्द्र कश्यप शिक्षक रहे। कार्यक्रम का संचालन कृष्णोलाल साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मंत्रोच्चार पं. तोषण तिवारी द्वारा किया गया। विद अंतिम के छात्र प्रवीण तिवारी का सम्मान श्रीफल, शॉल उपहार से अतिथियों एवं संगीत विद्यालय के विद्यार्थियों कृष्णोलाल साहू , त्रिशाला महंत , सृष्टि कश्यप, जयेश कश्यप एवं समस्त विद्यार्थियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम परिचय व्यस्थापक मनोज तिवारी द्वारा किया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों के द्वारा अपनी अपनी प्रस्तुतियां दी गयीं। सृष्टि कश्यप द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। त्रिशाला महंत द्वारा कृष्ण भजन का मधुर गायन किया गया। सुष्मिता पटेल द्वारा भी भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गई। तबला संगत श्रवण थवाईत द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन व्यवस्थापक मनोज कुमार तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर कृष्णोलाल साहू , श्रवण थवाईत , रतिराम पटेल , त्रिशाला महंत , सृष्टि कश्यप , सुष्मिता पटेल ,हिमेश कश्यप,जयेश कश्यप मोना पटेल , देवेंद्र पटेल , प्रज्ञा पटेल , चांदनी कहरा उपस्थित रहे।

### मनरेगा बचाओ संग्राम के लिए नागेन्द्र प्रभारी नियुक्त

**चांपा।** जिला कांग्रेस कमेटी जांजगीर-चांपा के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने अखिल भारतीय कांग्रेस



कमेटी द्वारा चलाए जा रहे मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत नगर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता, जिला कांग्रेस के प्रवक्ता व पूर्व पार्षद नागेन्द्र गुप्ता को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चांपा का प्रभारी नियुक्त किया है। उन्हें निर्देश दिए गए है कि सभी वरिष्ठ कांग्रेसजन की आवश्यक बैठक आयोजित कर इसकी जानकारी से जिला कांग्रेस कमेटी को अवगत करायेंगे। नागेन्द्र गुप्ता को मनरेगा बचाओ संग्राम का प्रभारी नियुक्त किए जाने पर नगर के कांग्रेसजन ने हर्ष व्यक्त किया है।

### नगरदा में 7 करोड़ के कॉलेज एवं कस्तूरबा भवन का हुआ भूमिपूजन



**सक्ती-बाराद्वार।** सक्ती विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय नगरदा के जनभागीदारी समिति अध्यक्ष डॉ. खिलावन साहू के अथक प्रयासों से अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय भवन हेतु 4.50 करोड़ रुपए एवं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय भवन हेतु 2.50 करोड़ की स्वीकृति कराकर डॉ साहू ने मुख्य अतिथि के रुप में शामिल होकर विधिवत भूमिपूजन किया । डॉ साहू ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से क्षेत्र के हर छात्र-छात्रा को बेहतर अवसर और मजबूत आधार देना ही हमारा संकल्प है। कार्यक्रम को ग्राम पंचायत नगरदा के सरपंच बॉम्बे लाल यादव ने भी संबोधित किया। इस मौके पर श्रीमती लता विजेंद्र कंवर, गोपाल जयसवाल, कौशल साहू, श्रीमती रोशनी साहू, ऋषि श्रीवास, श्याम चौहान, श्रीमती सुखमति कंवर, दीक्षा रानी जयसवाल, कस्तूरबा विद्यालय के अध्यक्ष श्रीमती रंभा साहू, कॉलेज प्राचार्य डॉ.ए पी गोस्वामी, अधीक्षिका श्रीमती संतोषी राज, पंचगण रामकुमार कंवर, धरम कंवर, सिया राम साहू, भगदन केवट , गणेश कंवर रामेश्वर कंवर,किशन कंवर, जीवन कंवर, विजय कंवर,लक्ष्मी नारायण कंवर, अजय चौहान, राम कुमारी महेतर कंवर, मोहन तोदी, गया राम साहू, रामगोपाल साहू ,छोटे लाल यादव , डॉ अमित तिवारी सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### कैंसर जागरुकता कार्यक्रम एवं चिकित्सा परामर्श शिविर आज

**जैजैपुर।** विश्व कैंसर दिवस परवर्ल्ड कैंसर डे की 2026 की थीम यूनाइटेड बाय यूनीक पर लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट अवेयरनेस ऑफ पीडियाट्रिक कैंसर के अंतर्गत चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत लायंस क्लब एवरेस्ट के तत्वाधान में स्त्री, पुरुष एवं बच्चों में होने वाले सभी प्रकार के कैंसर पर जागरुकता कार्यक्रम तथा निशुल्क आयुर्वेद-योग चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर बुधवार 4 फरवरी को पतंजलि आरोग्य केंद्र जैजैपुर प्रातः 10 से 1 बजे तक आयोजित है। शिविर में ख्यातिलब्ध आयुर्वेद चिकित्सक, लायंस क्लब एवरेस्ट के सचिव लायन नाड़ीवैद्य डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा अपनी सेवाएं देंगे। सभी प्रकार के कैंसर के लिये उपयोगी एंटी कैंसर क्वाथ निशुल्क पिलाया जायेगा। पतंजलि आरोग्य केंद्र जैजैपुर के संचालक सुरेंद्र यादव ने शिविर का लाभ उठाने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने अपील की है।

## हायर सेकेंडरी स्कूल खैरा में वार्षिकोत्सव आयोजित, सभी प्रतिभागियों को मोमेंटो व नगद राशि देकर किया गया पुरस्कृत

# परिश्रम करने से मिलती है सफलता: गबेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरा में वार्षिकोत्सव सृजन भाजपा जिला अध्यक्ष सक्ती टिकेश्वर गवेल के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम अध्यक्षता डॉ खिलावन साहू पूर्व विधायक सक्ती ने की। विशिष्ट अतिथि के रुप में पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर, डॉ कुमुदिनी बाग द्विवेदी डीईओ सक्ती, राजा धर्मेंद्र बहादुर सिंह सभापति जिला पंचायत, दिलीप कुमार पटेल बीईओ, श्रीमती हेमलता चंद्रा सरपंच, कमल किशोर राठौर अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, तोषेन्द्र जायसवाल अध्यक्ष जनभागीदारी समिति, अरुण शर्मा भाजपा जिला महामंत्री, गजेंद्र राठौर युवा नेता, कुलदीप जायसवाल, गिरधर सिदार उप सरपंच, सुरेश कुमार जायसवाल सदस्य किशोर न्याय बोर्ड, शिव प्रसाद पैकरा पूर्व प्राचार्य एवं चमरू दास वैष्णव उपस्थित थे।

विद्यालय के प्राचार्य सुरेश कुमार जायसवाल ने स्वागत उद्बोधन देते हुए विस्तारपूर्वक विद्यालय की गतिविधियों से अतिथियों का अवगत कराया। मुख्य अतिथि टिकेश्वर गवेल ने विद्यार्थियों को



कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथिगण।

एक लक्ष्य निर्धारित कर उसके अनुसार कार्य योजना बनाने एवं उस दिशा में कार्य करने हेतु प्रेरित किया। अध्यक्षता कर रहे हैं डॉ खिलावन साहू ने अपने उद्बोधन में विद्यालय के विकासात्मक कार्यों की सराहना करते हुए विद्यालय की उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की। पुलिस अधीक्षक सक्ती प्रफुल्ल कुमार ठाकुर ने विद्यार्थियों उनके पालकों को सड़क दुर्घटना से बचाव तथा साइबर फ्रॉड के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कुमुदिनी बाग द्विवेदी ने विद्यार्थियों को मेहनत कर अच्छे अंक प्राप्त करने के टिप्स दिए। राजा धर्मेंद्र बहादुर सिंह ने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक मेहनत करने तथा अपने विद्यालय, माता-पिता, ग्राम एवं क्षेत्र का नाम रोशन करने की अपील की। विद्यालय स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने के लिए रमेश सिंह कंवर व्याख्याता (वाणिज्य )को उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया। विगत वर्ष विद्यालय में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को मोमेंटो एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के विद्यार्थी विभिन्न प्रकार के पारंपरिक एवं प्रादेशिक नृत्य प्रस्तुत कर सभी दर्शकों का मन मोह लिया। सामूहिक नृत्य, युगल नृत्य तथा एकल नृत्य में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया गया। सरपंच एवं उपसरपंच द्वारा सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को नगद राशि देकर सम्मानित किया। नगरदा टी आई साहू एवं उनकी टीम ने सुरक्षा व्यवस्था में अपना अहम योगदान दिया। प्राचार्य सुरेश कुमार जायसवाल ने विद्यालय की ओर से सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन भूषण राठौर एवं रचना कटकवार व्याख्याता द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रेमचंद्रा,शिव कुमार तिवारी,गनपत राठौर, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती सीमा चौधरी,रेखा सिदार,चंद्र भूषण देवांगन, जगमोहन राठौर,लता जायसवाल, यशपाल बंजारे,एफ मिंज,नीलम चंद्राकर,स्मृति पटेल,सरोज कंवर,के आर गोंड, एल एन ध्रुव,रमेश कंवर,आशीष साण्डे,के के वस्त्रकार, अरुण यादव,राहुल सिदार सहित विद्यालय के समस्त कर्मचारी विद्यार्थी गण उनके पालक, ग्रामवासी एवं आसपास विद्यालयों से आए शिक्षक समुदाय उपस्थित थे।

## वार्षिकोत्सव में बच्चों ने देशभक्ति लोक संस्कृति की दी प्रस्तुति

**बाराद्वार।** ज्ञानेश्वरी शिक्षण समिति द्वारा संचालित ग्रीनफील्ड हायर सेकंडरी स्कूल में वार्षिकोत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसबीआई जांजगीर ब्रांच की चीफ मैनेजर श्रीमती ज्योत्सना सिंह एवं विशिष्ठ अतिथि श्रीराम मंदिर के महंत जगन्नाथ महाराज एवं रिटायर्ड सीएमओ अशोक शर्मा , श्रीमती दीपिका शर्मा रहे। इस अवसर पर मुख्य अभ्यागत श्रीमती ज्योत्सना



सिंह ने व्यक्ति के जीवन में शिक्षा के महत्व एवं कला की उत्कृष्टता पर विस्तार से विचार रखे और इसे साधने के टिप्स बताए। उन्होंने कहा कि बच्चों को मेहनत और परिश्रम से घबराना नही चाहिए , बल्कि लक्ष्य पाने के लिये पूरी लगन के साथ बिना हार माने आगे बढ़ना चाहिये। इससे जीवन संवारने में मदद मिलती है। महंत जगन्नाथ महाराज ने जीवन में धर्म की महत्ता पर सारगर्भित विचार रखते हुए अच्छे नागरिक होने के लिये स्वस्थ्य मानसिक्ता एवं स्वच्छ आचरण को संस्कार के लिये जरूरी बताया। कार्यक्रम को रिटायर्ड सीएमओ अशोक शर्मा एवं समाजसेवी दीपिका शर्मा ने भी संबोधित किया। देर रात तक चले एनुअल कार्यक्रम में नन्हे बच्चों ने देशभक्ति , लोक संस्कृति , आधुनिक भारत और विज्ञान के महत्व तथा समृद्ध विरासत से जुड़े नृत्य , प्रहसन एवं गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। खासकर राज्यों की विविध संस्कृति से जुड़े असमी , ओड़िया , भारत नाट्यम , कुचिपुड़ी , बंगाली एवं राजस्थानी नृत्य , शिव तांडव एवं महाभारत का मंचन किया गया। क्लास दसवीं के हनी यादव ने शिव तांडव व शेखर ग्रुप ने महाभारत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में रुचिरा त्रिपाठी , तरुण शर्मा , लक्ष्मीन साहू , बी तंबोली , अनुज साहू , श्रीमती पूनम अग्रवाल , नाज मेडम , नीरा नेताम , निर्मला यादव , ईश्वर वर्मा , रमेश पटेल , कृषणा साहू , सफीना अंसारी , लखेश्वरी चंद्रा , लखेश्वरी श्रीवास योगदान रहा। समिति के अध्यक्ष चितरंजन पटेल , कोषाध्यक्ष राजेश शर्मा एवं सचिव नवनीत शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

## निःशुल्क नेत्र शिविर में 225 लोगों ने कराई जांच, 101 में पाए गए मोतियाबिंद के लक्षण

**अकलतरा।** पंचदेव मंदिर परिसर में भवानी जन सेवा समिति के तत्वावधान में रायपुर के एमजीएम नेत्र संस्थान के सहयोग से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेषज्ञ नेत्र चिकित्सक डॉ. दिव्या शर्मा, रमेश कुलदीप एवं उनकी टीम द्वारा लोगों की आंखों की जांच की गई। नेत्र परीक्षण के दौरान 225 लोगों की जांच की गई, जिनमें से 101 मरीजों में मोतियाबिंद के प्रारंभिक अथवा स्पष्ट लक्षण पाए गए। चिन्हित मरीजों को उपचार एवं ऑपरेशन हेतु समिति द्वारा विशेष बस की व्यवस्था कर रायपुर भेजा गया।

शिविर का शुभारंभ समाजसेवी पवन सुल्तानिया, नारायण खंडेलिया, अमर सुल्तानिया, डॉ. हरि कृष्ण अग्रवाल एवं प्रकाश अग्रवाल की उपस्थिति में हुआ। सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक चले इस शिविर में नगर एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में लोगों ने लाभ लिया। इस अवसर पर डॉ. दिव्या शर्मा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि 50 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों को नियमित रूप से आंखों की जांच करानी चाहिए। अमर सुल्तानिया ने बताया कि इस शिविर में जांजगीर-चांपा जिले के साथ-साथ कोरबा, रायगढ़ व अन्य जिलों से भी लोग आंखों की जांच कराने पहुंचे। इसके लिए मरीजों को विशेष बस से रायपुर



भेजने की व्यवस्था की गई है। भवानी जन सेवा समिति के अध्यक्ष प्रकाश केडिया ने बताया कि समिति द्वारा विगत तीन वर्षों से लगातार निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। अब तक लगभग 2 हजार लोगों की आंखों की जांच की जा चुकी है, जिनमें 800 से अधिक मोतियाबिंद पीड़ितों का सफल ऑपरेशन कराया गया है। शिविर को सफल बनाने में किशन सुल्तानिया, अशोक अग्रवाल, इमरान अहमद, ईश्वर सुल्तानिया, योगेश शर्मा, प्रकाश जैन सहित समिति के अन्य सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। शिविर में किशन तुलस्यान, प्रभात बगड़िया, अशोक अग्रवाल, ईश्वर खंडेलिया, योगेश शर्मा, प्रकाश जैन, रमेश जैन, पुरुषोत्तम केडिया, सुरेश मुकीम, रविन्द्र मुकीम, आरके विश्वकर्मा, महेश अग्रवाल, सुशील गुप्ता, छेदी शर्मा, नवल अग्रवाल, नरेंद्र मित्तल, गिरधारी ताम्रकार, सौरभ जैन, राजेंद्र कुमार सिंह व नगरवासी उपस्थित रहे।

### सिलादेही में अखंड नवधा रामायण 6 से

**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिलादेही के सोनबरसा पारा में अखंड नवधा रामायण का आयोजन शुक्रवार 6 फरवरी से रखा गया है। इस संबंध में ग्राम पंचायत सिलादेही के पुरुषोत्तम कुमार साहू ने बताया कि व्यास आचार्य पंडित खूबकेश्वर तिवारी होंगे। इस दौरान मानस गायन प्रतियोगिता और रामराज्य अभिषेक का कार्यक्रम 14 फरवरी शुक्रवार को रखा गया है। अखंड नवधा रामायण समिति सिलादेही के द्वारा चयनित मानस मंडलियों को आकर्षक पुरस्कार की राशि दिया जाएगा। समापन 15 फरवरी को हवन, सहस्त्रधारा के साथ होगा। आयोजन को लेकर सोनबरसा पारा सिलादेही के समस्त ग्राम वासियों के द्वारा आवश्यक तैयारियां की जा रही है।

## 25 साल में 2 लाख बिजली उपभोक्ताओं की हुई वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

- सही समय पर बिजली बिल भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को किया सम्मानित

छत्तीसगढ़ राज्य गठन गठन होने के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रजत जयंती महोत्सव आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी द्वारा शिवरीनारायण वितरण केंद्र के अंतर्गत शिवरीनारायण नगर पंचायत के पवनी पसारी में 31 जनवरी को छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का आयोजन किया गया।

आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में राहुल थवाईत नगर पंचायत अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि श्रीमती सरस्वती मिलाप साहू नगर पंचायत उपाध्यक्ष, सत्येंद्र मणि वैष्णव, गौरव केशरवानी, पुरुषोत्तम शर्मा एवं सहायक यंत्री आशीष लहरे, कनिष्ठ यंत्री नरेश नेताम , कनिष्ठ यंत्री केरा मनोज सोनी और लाइन इंस्पेक्टर कुंदन नेताम सहित सभी कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी द्वारा विगत 25 वर्षों में संरचना विकास, एवं उपलब्धियां की जानकारी दी गई । साथ ही नगर वासियों को विद्युत विभाग द्वारा चलाए गए विभिन्न योजनाओं की प्रदर्शनी के माध्यम से विशेष कर शासन की महत्वपूर्ण योजना प्रधान मंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना जानकारी प्रदान की गई। अतिथियों ने अपने उद्घोषणा में विद्युत विभाग द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की, एवं 25 वर्षों में किए गए कार्यों एवं उपलब्धियां हेतु बधाई दी गई। साथ ही विद्युत विभाग के कर्मचारी की लगातार मेहनत हेतु सराहना करते हुए उपभोक्ताओं से अपील की कि समय पर विद्युत बिल का




हितग्राही उपभोक्ताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते अतिथि।

भुगतान करते हुए विद्युत विभाग को सहयोग प्रदान करें। सहायक यंत्री आशीष लहरे ने बताया कि जांजगीर जिले में उपभोक्ताओं की संख्या में 25 साल में 2 लाख से वृद्धि हुई है, साथ ही विद्युत विभाग द्वारा विद्युत लाइनें ट्रांसफार्मर एवं कनेक्शन की संख्या में अनुपातिक कार्य करते हुए उपभोक्ताओं का हमेशा ख्याल रखा गया है। शिविर में एकल बत्ती कनेक्शन धारी ऐसे उपभोक्ता जो सजग रूप से विद्युत का मितव्ययिता के साथ उपयोग कर रहे हैं, ऐसे घरेलू गैर घरेलू , कृषि पंप उपभोक्ता जो बिना किसी विलंब के सही समय पर विद्युत का भुगतान कर देते हैं उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया I शिवरीनारायण क्षेत्र केप्रधानमंत्री मुक्त बिजली बिल योजना के प्रथम पांच हितग्राही उपभोक्ताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया I शिविर में हितग्राहियों के अलावा भारी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

## हर बच्चे के अंदर छिपी होती है विशेष प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

- दृष्टिबाधित दिव्यांग अविष्कार साहू ने राज्य स्तरीय पैरा एथलेटिक्स में लहराया परचम

ग्राम सरखो के खिलाड़ी अविष्कार साहू ने अपनी मेहनत, लगन और मजबूत हौसले के दम पर 16वीं छत्तीसगढ़ राज्यस्तरीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2025-26 रायपुर में शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया। दृष्टिबाधित दिव्यांग होने के बावजूद अविष्कार ने खेल मैदान में जो जज्बा दिखाया, वह अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बन गया।

उन्होंने 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान हासिल किया। हाई जंप में दूसरा स्थान प्राप्त किया तथा 100 मीटर दौड़ में भी द्वितीय स्थान लेकर अपने गांव सरखो सहित पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया। यह



मेडल व प्रमाण पत्र के साथ उपस्थित खिलाड़ी।

उपलब्धि न केवल व्यक्तिगत सफलता है बल्कि दिव्यांग बच्चों के लिए एक मजबूत संदेश भी है कि सही मार्गदर्शन और निरंतर अभ्यास से किसी भी लक्ष्य को पाया जा सकता है । इस सफलता के पीछे "मेरे उभरते सितारे" संस्था का महत्वपूर्ण योगदान रहा। संस्था की संचालक छाया डडसेना निवासी बम्हनीडीह ने बताया कि हर बच्चे के अंदर कोई न कोई विशेष प्रतिभा छिपी होती है। आवश्यकता केवल सही दिशा और सहयोग की होती है। संस्था द्वारा दिव्यांग बच्चों को खेल गतिविधियों के प्रति जागरूक किया गया। उनकी जानकारी लेकर उन्हें प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया, जिसका सकारात्मक परिणाम अविष्कार साहू की उपलब्धि के रूप में सामने आया। अविष्कार साहू की इस उपलब्धि को संस्था और क्षेत्र की बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है। उनकी जीत ने यह साबित कर दिया कि शारीरिक सीमाएं सफलता की राह में बाधा नहीं बनतीं, यदि आत्मविश्वास और समर्थन साथ हो गांव सरखो में खुशी का माहौल है और लोग इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायक उदाहरण मान रहे हैं यह उपलब्धि दिव्यांग बच्चों को आगे बढ़ने और अपने सपनों को साकार करने का साहस दे रही है ।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए पटवारियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

राजस्व कार्यों, चुनाव संबंधी कार्य तथा राज्य शासन की महत्वपूर्ण पहल रकबा समर्पण योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले पटवारियों को सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ शासन के वित्त मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री ओ.पी. चौधरी के करकमलों से नगर के प्रदीप देवांगन पटवारी (जगदल्ला) एवं शिव शर्मा पटवारी (बरपाली) को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके द्वारा किए गए कर्तव्यनिष्ठ, मेहनती एवं जिम्मेदार कार्यों का प्रतिफल है, जो न केवल प्रशासन बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने पटवारियों की सराहना करते हुए कहा कि राजस्व और चुनाव जैसे संवेदनशील कार्यों के साथ-साथ शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में उनकी भूमिका उल्लेखनीय रही है।



पटवारियों का सम्मान करते जिले के प्रभारी मंत्री।

### फाइलेरिया बीमारी के प्रति हों जागरुक

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने जिले के नागरिकों से फाइलेरिया बीमारी से जागरुक रहने के लिए अपील किया है। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है जो मच्छरों के काटने से फैलती है और हमारे जिले के स्वास्थ्य के लिए एक बड़ा खतरा है, लेकिन अच्छी खबर यह है कि फाइलेरिया को रोकने के लिए दवाएं उपलब्ध हैं और हम इसे उन्मूलन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारे जिले में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सामूहिक दवा सेवन अभियान 10 फरवरी से 25 फरवरी तक चलाया जा रहा है, जिसमें सभी नागरिकों दो वर्ष से कम उम्र के बच्चे, गर्भवती महिला एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को छोड़कर को फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाई जाएगी।

## दक्षिणा में अपनी कमजोरियों व बुराइयों का करें दान : शशिप्रभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

- श्रीमद् भागवत गीता सार सुखद जीवन का आधार ज्ञान यज्ञ का सातवां दिन

स्थानीय लक्ष्मी टायपिंग हजारी गली स्थित अंबे रेसीडेंसी में चल रहे श्रीमद् भगवत गीता सार सुखद जीवन का आधार ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन प्रवक्ता राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शशिप्रभा ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान ने गीता के 9वें अध्याय में राजयोग की गहन परिभाषा बताई है। आत्मा से परमात्मा का सर्वोच्च संबंध सर्वोच्च मिलन ही राजयोग है। राजयोग में ज्ञान योग, भक्ति योग,समत्व योग, हठ योग सभी समाये हुए हैं इसलिए राजयोग को सर्वांगीण योग सर्व योगों का राजा कहा गया है1 उन्होंने बताया कि जो



सातवें दिन प्रवचन करती प्रवक्ता राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शशिप्रभा।

हुआ अच्छा हुआ जो हो रहा है अच्छा हो रहा है और जो होगा अच्छा होगा क्योंकि इस संसार चक्र में सब कुछ जो कुछ भी हो रहा है सब कल्याणकारी ही है इसलिए हम कोई भी कार्य करते हैं तो स्वास्तिक बनाते हैं जीवन का हर पल हर क्षण शुभ ही है कभी-कभी हमें कोई घटना अकल्याणकारी लगती है लेकिन समय अंतराल में हमें समझ में आता है कि उसमें भी कोई कल्याण समाया हुआ है। उन्होंने कहा कि मनुष्य एक सर्वोच्च प्राणी है संसार में भगवान ने हमें खाने के लिए कितना कुछ दिया है मेवा, मिष्ठान, फल- फूल लेकिन मानव सब कुछ छोड़कर वह खाता है जो खाने की वस्तु ही नहीं,छोटे या बड़े जीव किसी को भी मार कर उसे अपना आहार बनाना यह सबसे बड़ा कुकृत्य है। कर्म फल अनुसार इसकी बहुत कड़ी सजा मनुष्य को भोगनी पड़ती है, क्योंकि जीव हत्या महा पाप है किसी छोटे जीव को मारकर उसे अपना आहार मानव बनाता है तो शमशान घाट तो अपने पेट को ही मनुष्य ने बना रखा है। उन्होंने कहा कि गीता ज्ञान यज्ञ में आप सभी नगरवासी दक्षिणा स्वरूप अपनी कमी, कमजोरियों व बुराईयों का दान मुझे दें तो यह आयोजन सफल माना जाएगा। इससे आपके मन में हल्केपन,संतुष्टता व खुशी का संचार होगा। श्रेष्ठ संकल्प लेने वालों को परमात्मा का साथ व आशीर्वाद हमेशा प्राप्त होता है,भगवान हमेशा हर संबंध से हमारा साथ निभाते हैं जिस प्रकार बाल सखा सुदामा के भूल करने के बाद भी कृष्ण ने उन्हें वचन दिया था कि मैं तुम्हें हमेशा साथ दूंगा जब भी विपत्ति आए सखा तुम मुझे याद करना।

